का अवकाश दिया जाता है जबकि लोको-शैड के कर्मचारियों को 128 घण्टे कार्य करने के बाद तीन दिन का अवकाश दिया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सरकार का विचार इस असमानता को दूर करने का है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). सवाल नहीं उठता ।

मध्य-पश्चिम रेलवे सम्पर्क लाइनें

3309. **श्री बसवन्त** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य-पश्चिम रेलवे सम्पर्क लाइनों के निर्माण के लिए किन-किन स्थानों का सर्वेक्षण किया गया है ;

(ख) प्रत्येक लाइन के निर्माण पर कितना खर्च आने का अनुमान है ;

(ग) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र के मुख्य मन्त्री ने दीवा-धानु और दीवा-बनगांव सम्पर्क लाइनों के निर्माण के लिये एक सुझाव भेजा है ; और

(घ) क्या मुख्य मन्त्री के उक्त सुझाव और राज्य के विकास को ध्यान में रखते हुए इन सम्पर्क लाइनों के निर्माण का प्रस्ताव है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) प्रस्तावित लाइन के लिए जिन तीन वैकल्पिक की जांच की गई है उनके नाम और निर्माण मार्गों की अनुमानित लागत नीचे दी गई है :

(ख) 1—बेसिन रोड—दीवा (42. 43 कि० मी०) 6.45 करोड़

2—मीरा रोड दीवा (33.58 कि० मी०) 10.52 करोड़

3—वनगांव दीवा (97 कि०मी०) 13.93 करोड़

(ग) जी हां ।

(घ) पश्चिम रेलवे द्वारा पेश की गयी सर्वेक्षण रिपोर्टों की रेलवे बोर्ड द्वारा जांच की जा रही है और लाइन के वास्तविक निर्माण और उसका मार्ग निर्धारित करने के सम्बन्ध में जाच पूरी होने के बाद निर्णय किया जायेगा ।

मध्य रेलवे पर उपनगरीय रेलों का देरी से पहुंचना और देरी से छूटना

3310. **श्री बसवन्त** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य रेलवे पर जून और जुलाई के महीनों में कितनी उपनगरीय गाड़ियां रेलवे लाइनों पर पानी के जमा हो जाने के कारण देरी से पहुंची और कितनी गाड़ियां देरी से छूटीं ;

(ख) उक्त अवधि में कितनी गाड़ियों को बिजली के फेल हो जाने और गाड़ियों के रद्द किये जाने के कारण देरी हुई ;

(ग) क्या यह सच है कि पानी निकालने वाली नालियों को वर्षा ऋतु से पहले साफ न किये जाने के कारण रेलवे लाइनों में पानी जमा हो जाता है और बिजली की लाइनों पर ध्यान न देने के कारण सदा-कदा बिजली फेल हो जाती है ; और

(घ) क्या इस सम्बन्ध में भविष्य के लिये कोई योजना बनाई है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) 445 उपनगरीय गाड़ियाँ देर से चलीं और इस कारण 433 गाड़ियों को रद्द करना पड़ा ।

(ख) 229 उपनगरीय गाड़ियां देर से चलीं और 365 गाड़ियां रद्द की गयीं ।

(ग) बरसात शुरू होने से पहले सीवरों की सफाई की जाती है । सीवरों के अवरुद्ध होने के कारण नहीं बल्कि आम तौर पर उच्च ज्वार की अवधि में भारी बरसात के कारण रेलवे लाइनों पर पानी इकट्ठा हो जाता है ।